एक नजर में

पहाड़ी बारिश होने से पाडारोल के नाले में पानी बढ़ा ,आवागमन बंद ,जान जोखिम में डालकर निकलते लोग

बुरहानुपर। उपनगर लालबाग वार्ड क्रमांक 47 ओर 48 शिवाजी नगर एचिंचाला,करीमनगर , सूर्यवंशी नगर,के स्थाई लोगों को बारिश के दिनों में जान जोखिम में डालकर इस पांडारोल के नाले से निकलना एक आम बात हो गई आपको बता दे की ग्राम पातोंडा से सेटे रेलवे ब्रिज लगभग 10 वर्षों से अधिक वर्षों से बन रहा स्थाई व्यक्ति दिनेश सर्वे ने कहा कि बारिश होने पर रात्रि में भी दो.तीन घंटे इस नाले के पानी को कम होने का इंतजार मैं घंटो खड़े रहना पड़ता है शिवाजी नगर और चिंचाला के लोगों को आवागमन पहुंच मार्ग न होने से बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ज्यादा कर बारिश के दिनों में आप देख सकते हो वीडियो में उपभोक्ता अधिकार संगठन के कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रीतम महाजन ने कहा पहुंच मार्ग नहीं इन कठिनाइयों से बारिश के दिनों में बड़ी दिक्कत होती है इस वार्ड के लिए कोई रास्ता छोटा ब्रिज मोटरसाइकिल या ऑटो के लिए छोटा ब्रिज बनाना जरूरी है।

भाजपा जिला महामंत्री पर 137 लोगों ने किया रक्तदान

नेपानगर। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राहुल जाधव पिंटू भैय्या के जन्मदिन पर रिकॉर्ड रक्तदान हुआ। दरअसल सोमवार को भाजपा जिला महामंत्री राहुल जाधव पिंटू भैय्या का जन्मदिन खकनार स्थित श्री साईं मंदिर परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मदिन के कार्यक्रम में मुख्यत: रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अब तक का रिकॉर्ड तोड़ रक्तदान हुआ। 137 लोगों ने इस शिविर में रक्तदान किया। समर्थकों ने कहा यह पिंटू जाधव की लोकप्रियता को दर्शाता हैं। पिंटू जाधव आदिवासी क्षेत्र के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैंए जो सदैव क्षेत्रीय लोगों के सुख दु:ख में सहभागी रहते हैं।

गुरूनानक देवजी महाराज का प्रकाशोत्सव, निशान साहब को पोशाक चढ़ाई

नेपानगर। श्री गुरूनानक देवजी महाराज के प्रकाशोत्सव पर सोमवार को गुरूद्वारा में निशान साहब को पोशाक चढ़ाई गई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटील सहित अन्य जनप्रतिनिधिए सिख समाजजन मौजूद थे। प्रबंधक कमेटी के अनुसार 5 नवंबर को गुरूनानक जयंती के अवसर पर गुरू वाणी और शबद कीर्तन होगा। साथ ही गुरू का अटूट लंगर आयोजित होगा।

125 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया

बुरहानपुर। मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़ वेल बुरहानपुर द्वारा 2 नवम्बर रविवार को बुरहानपुर पब्लिक स्कूल, इंद्र कॉलोनी, बुरहानपुर में बाल रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, दंत रोग विभाग एवं आहार विभाग से संबंधित एक सफल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 125 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ.पीयूष सूर्यवंशी बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.अपूर्वा यादव सूर्यवंशी नेत्र रोग विशेषज्ञ,डॉ.तनिष्क श्रॉफ दंत रोग विशेषज्ञ एवं डॉ.कपिल चौरसिया आहार विशेषज्ञ के द्वारा इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। सभी मरीजों का नि: शुल्क जनरल चेकअपए ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन में और बुरहानपुर पब्लिक स्कूल, डॉ.डिफेलीस हैल्थ केयर की टीम एवं ऑल इज वेल हॉस्पिटल स्टाफ के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

महाराष्ट्र के पुणे में दत्तू मेढ़े का जोरदार सम्मान

बुरहानपुर। महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक कार्यक्रम के चलते हुए भीमआर्मी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दत्तू मेढ़े पहुंचने पर जोरदार सम्मान स्वागत किया गया। क्योंकि पिछले 4 वर्ष उन्होंने महाराष्ट्र प्रभारी के रूप में सफल निकाले और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरे महाराष्ट्र का भ्रमण किया और हर समस्याओं पर हमेशा तत्पर रहेएऔर इस वैवाहिक कार्यक्रम में सुखी दंपति जीवन के लिए रोहन और पूजा को सभी ने मंगलकामनाये दिएऔर समाज को भीम गीत और नित्य के माध्यम से माता रमा बाई और बाबा साहब के संघर्ष को बताया गया ! कार्यकम का आयोजन सीताराम गंगावने सुशील, मयूर,परिवार द्वारा किया गया था। जिसमे मुंबई से सुनील गायकवाड,राजू झंके के अतिरिक्त नागेश पवार,महेश कुलकर्णी और सामाजिक, राजनैतिक,धार्मिक पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

पिकअप वाहन में भरकर ले गए थे लोहे की सेंटिंग,6 आरोपी पकड़ाए

एमजी नगर में बदमाशों ने 9 अक्टूबर को दिया था चोरी की वारदात को अंजाम

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर / नेपानगर। नगर के एमजी नगर में छह बदमाशों ने मिलकर 9 अक्टूबर को चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी पिकअप वाहन में लोहे की सेंटिंग भरकर ले गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार मुजफ्फर अली उर्फ मुज्जु पिता शौकत अली निवासी एमजी नगर नेपानगर शिकायत दर्ज कराई थी कि नगर पलिका नेपानगर द्वारा एम जी नगर छोटी मस्जिद के पास एक पानी बहने वाले नाले का निमार्ण कार्य मेरे द्वारा किया जा रहा है। मेरे द्वारा निमार्ण का सामान लोहे की सेंटिग प्लेट कुल 40 नग खुले में रखी हुई थी जिसकी कुल किमत 50000 रूपये है उसे काम के बाद साइड पर ही रख देते थे। साइड पर रखवाली के लिये देखरेख करने के लिए अशोक तायड़े निवासी सोनूद का रहता है। रोज की तरह 09 अक्टूबर को मेरे द्वारा साइड पर लोहे की सेंटिग प्लेट कुल 40 नग रख कर घर चला आया था। दूसरे दिन सुबह करीब 9ण्30 बजे साइड पर पहुंचा तो मुझे अशोक तायड़े ने बताया कि लोहे की सेंटिग प्लेट जो खुले में रखी हुई कोई अज्ञात बदमाश चुराकर कर ले गया है। इसके बाद थाने में शिकायत की।

पिकअप वाहन से सेंटिंग प्लेटें ले जाते नजर आए बदमाश: -पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध एक पिकअप वाहन नजर आया। वाहन चालक सचिन पिता राजू जाधव उम्र 18 साल निवासी सेलगांव थाना शाहपुर की तलाश कर पूछताछ की गई जिसने अपने अन्य साथी अंकित पिता संजय पवार 19ए तसलीम पिता नूर खां जाति तड़वी 18ए प्रवीण पिता भागीरथ पवार 20 सभी निवासी सेलगांव थाना शाहपुर व सतीष पिता नरसिंग जाति बारेला 30ए सचिन पिता सखाराम जाति भील उम्र 22 साल दोनों निवासी खडकोद द्वारा घटना स्थल पर निर्माणाधीन शासकीय नाले के पास से लोहे की सेंटिग प्लेट कुल 40 नग किमती 50000 की चुराना बताया। बेचने की नियत से पिकअप वाहन में भरकर चांदनी आसीर रोड पर नाले के पास छुपाना बताया। जिनकी निशादेही से 40 नग सेंटिंग प्लेटे व पिकअप वाहन जब्त किया गया। आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय नेपानगर द्वारा ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में टीआई ज्ञानु जायसवालए सउनि सुनील दुबेए सैनिक चंद्रभानए सैनिक आरिफशामिल रहे।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम : घर-घर गणना का चरण आज से

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को सफल बनाने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों को सघन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्ण रूप से त्रुटि रहितए सटीक और समावेशी बनाना हैए ताकि जिले का कोई भी पात्र मतदाता अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित न रहे।

प्रशिक्षण में बीएलओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने ;डुप्लीकेसी खत्म करना, संशोधन करने और मैपिंग कार्य करने सहित संपूर्ण प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। बीएलओ को बताया गया है किए वे नवीनतम तकनीकी उपकरणों और बीएलओ मोबाइल एप्लिकेशन का प्रभावी ढंग से उपयोग करें ताकि डेटा अपलोडिंग और सत्यापन में पूरी पारदर्शिता और सटीकता बनी रहे। निर्देशानुसार प्रशिक्षण के उपरांत बीएलओ निर्धारित समय.सीमा के भीतर घर.घर जाकर सर्वे करेंगे, जिसके आधार पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा और फिर दावों तथा आपत्तियों के निपटारण के बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी।

लेख है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में प्रशिक्षण का दौर जारी है। जिले के विधानसभा क्षेत्र.179 नेपानगर अंतर्गत 306 एवं विधानसभा क्षेत्र.180 बुरहानपुर अंतर्गत 348 इस प्रकार जिले में 654 बीएलओ नियुक्त किये गये है। सोमवार को खकनार एवं बुरहानपुर ऑडिटोरियम में बीएलओ का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

प्रक्रिया:- बीएलओ प्रत्येक मौजूदा मतदाता को गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। मतदाता को अपना नाम या अपने परिजन का नाम पिछले एसआईआर में मिलान या लिंक करने में मदद करेंगे, नए मतदाता के नाम को जोड़ने के लिए फॉर्म.6 और घोषणा प्रपत्र एकत्र करेंगे तथा मिलानध्लिंकिंग में सहायता करेंगे। मतदाता, विशेषकर शहरी या अस्थायी रूप से स्थानांतरित व्यक्ति ईएफ ऑनलाइन भी भर सकते हैं। बीएलओ ऐसे मतदाताओं की पहचान करेंगे जो मृत हैंए स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं,या एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत हैं।

घर.घर गणना का चरण 4 नवंबर से:- विदित है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार घर.घर गणना का चरण 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित होगा,जिसमें बीएलओ अधिकतम तीन बार घरों पर जाकर संपर्क करेंगे। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर को किया जाएगा। 8 जनवरी तक दावा और आपत्ति दर्ज करवाने की अवधि होगी। नोटिस चरण 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक चलेगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी,2026 को किया जाएगा।

नगर परिषद अध्यक्ष ने फल बांटकर मनाया जन्मदिन

नवभारत न्यूज,

शाहपुर। बुरहानपुर जिले के शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष साधना वीरेंद्र तिवारी ने अपना जन्मदिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में महिला मरीजों के सेवा में प्रसव हुई महिलाओं को फ्ल बाटकर एवं सभी प्रसुता महिलाओं से उनके स्वास्थ्य के बारे में चर्चा की इसके साथ.साथ जच्चा बच्चा के स्वास्थ्य के बारे में बीएमओ डॉक्टर अलका रावल एवं स्टाफ नर्स से जानकारी ली । तथा माताओ को समझाइए दी की प्रसव उपरांत बच्चों की उचित देखभाल कर नियमित स्तनपान करें । इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉक्टर अलका रावल एवं कर्मचारियों ने नगर परिषद अध्यक्ष साधना तिवारी जी के हाथों से केक काटकर जन्मदिन मनाया ।

सेवासदन महाविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यक्रम

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। सेवासदन महाविद्यालय में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर तीन दिवस में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर विभिन्न गतिविधियों में अपनी सहभागिता की। प्रथम दिवस मध्यप्रदेश गान गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई साथ ही रंगोली भाषण और मॉडल बनाए गए। द्वितीय दिवस पेंटिंग और चार्ट तथा समापन दिवस पर नाटक, नृत्य और पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह समापन कार्यक्रम महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. एम. शकील, डॉ अनीष पटेल, एनसीसी प्रभारी डॉ. सुशील माहेश्वरी, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राजेश काले, प्रो. रूपाली पालीवाल, प्रो. नितिन जावरे के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य तथा कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राजेष काले द्वारा सभी को मध्यप्रदेश की विशेषताओं कार्यक्रम में विशेषकर महाविद्यालय के विद्यार्थी सानिया खान, नमीरा ख्वाजा, मेहविज खान, खुशी गायकवाड पूजा इंगले, प्रेरणा गायकवाड, राज गवई करुणा चौहान, योगिता रायसरदार, प्रियंका राधेश्याम, कंचन राठौड़, विक्की वाखले, रौनक पाटिल,आदि थे।

इंटक प्रदेश सचिव ने कहा- सांसद, विधायक को गुमराह कर रहे कुछ लोग

नेपानगर। मप्र इंटक के सचिव लालचंद पटेल ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा नेपा मिल में उत्पादन बंद जैसा है। उन्होंने कुछ लोगों पर सांसद,विधायक को गुमराह कर छवि खराब करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा. मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र खकनार ब्लॉक के नेपानगर में एशिया का सबसे बड़ा और देश का पहला अखबारी कागज कारखाना क्षेत्र के विकास के लिए देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने 26 अप्रैल 1956 में देश को समर्पित किया था। इस कारखाने ने करोड़ों रुपए विदेशी मुद्रा तो बचाई गई साथ ही कई किर्तिमान भी बनाए गए। मिल के नवीनीकरण के लिए भारत सरकार द्वारा 1200 करोड का पैकेज स्वीकार कर दिया गया, परंतु वर्तमान में कारखाना रॉटेरियल के अभाव में बंद जैसा है। इस कारखाने को चलायमान रखने के लिए क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटील,विधायक मंजू दादु ने नेपा मिल्स श्रमिक संघ के अनुरोध पर गंभीरता पूर्वक विचार कर भारत सरकार से कच्चे माल पूर्ति, श्रमिकों के वेतन आदि के लिए 150 करोड़ के पैकेज का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। मिल हर स्थिति में चले इस के लिए सांसद ने लोकसभा में प्रश्न भी उठाए हैं, लेकिन कुछ लोग जो पूर्व में श्रमिक संघ के पदाधिकारी रहते कुछ भी नहीं कर सकेए लेकिन अब जब भारत सरकार व नेपा लिमिटेड के मध्य सन 2034 तक फारेस्ट से हुए अनुबंध व नवम्बर 2022 में 300 एकड नेपा लिमिटेड की जमीन नगर पालिका को देने संबंधी आवेदन पत्र निरस्त होने की जानकारी के बाद भी जबरन सांसद, विधायक, नेपा लिमिटेड के प्रबंधन के साथ साथ सीधे साधे सेवानिवृत्त श्रमिकों को मकान नाम पर होने व रेवेन्यू की झूठी कहानी बनाकर गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा ऐसा कर सांसद, विधायक की छवि खराब करने का प्रयासहो रहा है। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस मौजूद थे।

देव उठनी ग्यारस पर तुलसी विवाह

नवभारत न्यूज,

ईच्छापूर । डॉ.रामाकांत पाटील के निवास पर देव उठनी ग्यारस पर तुलसी विवाह समारोह पंण्डित मिथीलेश अंकुश देव वैदान्त देव द्वारा विधीवत रूप से पुजा पाठ कर गोपाल कृष्ण का विवाह समन्न हुवा। बतादे कि चार माह से भगवान विष्णु जी निन्द्रावसान पर थे। उन्हें जगाया गया। इसी दिवस से शुभ मंगल कार्य जैसे विवाह आदि का शुभारम्भ हो जाता है।

सुख दाता सबका साथी मेरा मध्य प्रदेश है : डॉ . कृष्णा मोरे

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। म प्र उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार शासकीय महाविद्यालय धुलकोट में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस संस्था के प्रशासनिक अधिकारी डॉ कन्हैया चौहान एवं इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ कृष्णा मोरे के मार्गदर्शन में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

डॉ कन्हैया चौहान ने मध्य प्रदेश के गठन एवं गौरव गान का वर्णन किया। डॉ प्रमोद गुप्ता ने मध्य प्रदेश के बारे में बच्चों को विस्तृत रूप से समझाया और मध्य प्रदेश का वर्णन किया। डॉ कृष्णा मोरे ने मध्य प्रदेश के गठन के अवसर पर सुख का दाता सबका साथी सुख का यह संदेश है बताकर मध्य प्रदेश के इतिहास पर प्रकाश डाला डॉ महिमा बाजपेई ने भी मध्य प्रदेश के बारे में अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ मशहीद खान डॉ सीमा सोनी डॉ मनोज बागले ने भी संबोधित किया।

इन कार्यक्रमों में अलग.अलग विधाएं सम्मिलित हुई । दिनांक 1 नवंबर को सामान्य ज्ञान प्रश्न मंच एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में हरिओम चौहान बी ए प्रथम वर्ष और नितिन निहालदे बी ए प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं रंगीता कनासे द्वितीय वर्ष और शीतल सोलंकी द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कांतीलाल बी ए द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान और सयुंक्त रूप से दूसरा स्थान नितिन और अनिता बी ए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया । इसी क्रम में दिनांक 3ध्11ध्2025 को निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । निबंध प्रतियोगिता में रनेश रावत बी ए प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान और निशा बर्डे बी ए प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में सेवकराम बी ए द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान और अजय निहाले बी ए द्वितीय वर्ष ने दूसरा स्थान प्राप्त किया । उक्त कार्यक्रम में कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी डॉण् कन्हैया चौहानए डॉण् प्रमोद गुप्ताए डॉ कृष्णा मोरेए डॉण् महिमा वाजपेयीए ए डॉण् मनोज बागलेए डॉण् मशाहिद खानए डॉ सीमा सोनी श्री तुलसीराम कौलए श्री देवेंद्र बालकरए श्री अर्जुन सूर्यवंशी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

एक नजर — बुरहानपुर पुलिस का विशेष यातायात जागरूकता अभियान .....

विद्यार्थियों ने अनोखे ढंग से चलाया यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। ग्राम झिरी स्थित ईस्वम एकेडमी ऑफटेक्निकल एण्ड जनरल एजुकेशन, बुरहानपुर द्वारा संचालित प्रो.बृजमोहन मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड टेक्निकल साइंसेस बिम्टस के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने सोमवार को शहर के प्रमुख शनवारा चौराहे पर यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया। यह अभियान बुरहानपुर यातायात पुलिस विभाग के सहयोग एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने राहगीरोंए वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के महत्व के बारे में समझाया।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने अनोखे ढंग से जनजागरूकता फैलाने के लिए यमराज एवं चित्रगुप्त की वेशभूषा धारण की और लोगों को यह संदेश दिया कि सड़क पर लापरवाही, जान के लिए खतरा है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में बिना हेल्मेट के दोपहिया वाहन चलाना, कार चालकों द्वारा सीट बेल्ट का उपयोग न करना, ऑटो रिक्शा में क्षमता से अधिक सवारी बैठाना, भारी वाहनों द्वारा रहवासी क्षेत्रों में तेज गति से वाहन चलाना तथा ट्रैफिक सिग्नल की अनदेखी प्रमुख हैं। साथ ही विद्यार्थियों ने पैदल यात्रियों को भी सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की सलाह दी।

जैसे कि सड़क पार करते समय हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करना, सड़क पर चलते या पार करते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना और यातायात संकेतों का पालन करना। कार्यक्रम में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह पूरा आयोजन प्राध्यापक मुकेश पाटील, राकेश ओनकर, सोनाली चौधरी एवं लिट्टी अब्राहम के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस तरह के अभियानों का उद्देश्य युवाओं के माध्यम से भेंट समाज में अनुशासित यातायात संस्कृति विकसित करना है। अभियान में बुरहानपुर यातायात पुलिस की विशेष भूमिका रही,जिन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया और नागरिकों को जागरूक करने में सहयोग किया।

यातायात निरीक्षक राजेश बारवाल द्वारा यातायात विशेष जागरूकता अभियान के तहत यातायात नियमों का महत्व समझाते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा का पालन करना न केवल हमारी बल्कि दूसरों की भी जान की सुरक्षा के लिए जरूरी है। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, नशे की हालत में वाहन चलाने के खतरे, नाबालिगों को वाहन न देने की जिम्मेदारी, राहवीर योजना, हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना और कैशलेस ट्रीटमेंट योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी बताई गई।

बुरहानपुर पुलिस की आमजन से अपील:- बुरहानपुर पुलिस आमजन से अपील करती है कि स्वयं और अपने परिजनों की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करेंरूहमेशा सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग करें तेज गति व लापरवाही से बचें ।नाबालिगों को वाहन न दें। नशे की हालत में वाहन न चलाएं।

इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष राखी मिश्रा,उपाध्यक्ष अनिल जैन, सचिव अमित मिश्रा,प्राचार्य सैय्यद आसिफ अली एवं प्रशासनिक अधिकारी विशाल गोजरे ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियानों से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है और यातायात अनुशासन के प्रति समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में यह पहल एक सराहनीय कदम है। अंत में समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने बुरहानपुर को सुरक्षित यातायात वाला शहर बनाने का संकल्प लिया।